**जिला विकास अधिकारी महोदय जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 26.07.2025 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

उपस्थिति

1– परियोजना निदेशक,जि0ग्रा0वि0अभि0
2– उपायुक्त, श्रम व रोजगार
3– जिला प्रबन्धक कौशल विकास मिशन
4– जिला कृषि रक्षा अधिकारी
5– सहायक आयुक्त, सहकारिता
6– जिला कृषि अधिकारी
7– जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
8– समस्त खण्ड विकास अधिकारी
10– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
11– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0
12– समस्त, अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
13– प्रतिनिधि, एन0सी0सी0
14– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
15– टीम लीडर मेधज व अन्य

दिनांक 26–07–2025 को अपरान्ह 1.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। उक्तानुसार समस्त अधिकारी बैठक में उपस्थित रहें।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियो द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित ओवर हेड टैंक एवं अन्य परियोजनाओ तथा क्षतिग्रस्त सड़को का किये गये सत्यापन रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसमें पायी गयी विभिन्न कमियो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी विवरण निम्नवत है :–

**खण्ड विकास अधिकारी गगहा** द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत केशवापार, पड़ौली, डेहरीभार, बांसगगहा, तिलसर, सहुआकोल, डिहुलपार, कहला, अस्थौला, रियावं, भीटी जमीन, खखाईचखोर, कौवाडील, बडैला, बरवल प्रसाद, गांगूपार, बरईपार, चौकड़ी, महुराई में क्षतिग्रस्त सड़को का मरम्मत कार्य नही कराया गया है तथा उक्त ग्राम पंचायतो में ओ0एच0टी0, पम्प हाउस एवं स्टाफ क्वाटर कार्य अपूर्ण है।

सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर अपूर्ण ओ0एच0टी0, पम्प हाउस एवं स्टाफ क्वाटर कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )**

**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी** द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत अटायर में बाउण्ड्रीवाल कलर नहीं हुआ है। ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। सोलर पैनल नहीं लगा है। ग्राम पंचायत– महुराई में बाउण्ड्रीवाल एवं ओ0एच0टी0 नहीं बना है। लोरिंग नहीं हुआ है। सोलर पैनल नहीं लगा है। मौके पर कार्य बन्द पाया गया। ग्राम पंचायत गांगुपार में बाउण्ड्रीवाल कलर नहीं हुआ है। ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। पम्प हाउस अधूरा है। मौके पर कार्य बन्द पाया गया। ग्राम पंचायत बरवल ईश्वरी प्रसाद में बाउण्ड्रीवाल का गेट नहीं लगा है।

Scanned with OKEN Scanner

आ0एच0टी0 का कार्य अभी प्रारम्भ नही हुआ है। लोरिंग नहीं हुआ है। सोलर पैनल नहीं लगा है। मौके पर कार्य बन्द पाया गया। ग्राम पंचायत जमीन भीटी एवं जमीन लौहरपुरवॉ में बाउण्ड्रीवाल का गेट नहीं लगा है। सोलर पैनल नहीं लगा है। हाउस कनेक्शन का कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत लाहीडारी बुजुर्ग एवं अस्थौला में हाउस कनेक्शन कार्य अपूर्ण है।

सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उक्तानुसार कमियों को ठीक कराकर अवगत कराना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित नोडल अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अवर अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि टीम बनाकर अपूर्ण ओ0एच0टी0, पम्प हाउस एवं स्टाफ क्वाटर कार्य का सर्वे करते हुये फोटोग्राफ सहित सूचना उपलब्ध करायें।

(कार्यवाही–नोडल अधिकारी/ख0वि0अ0/अधिशासी अभियन्ता जल निगम/एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

<u>खण्ड विकास अधिकारी गोला</u> द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत रजहटा, पोखरीगॉव, खदरा, खोपापार, देईडीहा, उचॉगॉव, दुरूई एवं बरईपार रामरूप, में ओ0एच0टी0 एवं स्टाफ क्वाटर का कार्य अपूर्ण है, पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अहिरौली–2 अहिरौली–1 आवरूस, बाहॅपुर, बारानगर, बरहज, भवाजीतपुर, विशुनपुर, चन्दौली, चिलवा, डडिया में हाउस कनेक्शन अपूर्ण है। सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है।

सम्बन्धित संस्था एन0सी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि पोखरीगॉव में बाउण्ड्रीवाल गिर गया था उसे ठीक कराया गया है। ओ0एच0टी0 बन गया है। ग्राम पंचायत रजहटा में 541 के सापेक्ष 416 कनेक्शन किये गये है शेष कनेक्शन किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायत खदरा में टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। ओ0एच0टी0 पूर्ण है। ग्राम पंचायत उचॉगॉव में जो सड़के टूटी थी उसे ठीक करा लिया गया है। संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि पी0डब्लू0डी0 रोड बनाते समय एम0डी0पी0 लाइन काट दिये है।

सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उक्त सभी ग्राम पंचायतो में जो भी अपूर्ण कार्य है उसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित नोडल अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अवर अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि टीम बनाकर अपूर्ण ओ0एच0टी0, पम्प हाउस एवं स्टाफ क्वाटर कार्य का सर्वे करते हुये फोटोग्राफ सहित सूचना उपलब्ध करायें। ग्राम पंचायत बारानगर में ए0ई0 एवं सम्बन्धित टीम को एक साथ निरीक्षण करने के निर्देश दिये गयें।

**(कार्यवाही–नोडल अधिकारी/ख0वि0अ0/अधिशासी अभियन्ता जल निगम/एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)**

**<u>खण्ड विकास अधिकारी जंगल कौड़िया</u>** द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड जंगल कौड़िया के ग्राम पंचायत जिन्दापुर में सड़क मरम्मत कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत डीहघाट में बाउण्ड्रीवाल एवं सड़क मरम्मत का कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत रसूलपुर चकिया व भीटी में ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत बौरडीह में ओ0एच0टी0, बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है, पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्राम पंचायत रामपुर एवं नयागॉव में पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है। क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। पानी की आपूर्ति नही हो रही है। ग्राम पंचायत मंझरिया में ओ0एच0टी0, पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है, पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। क्षतिग्रस्त सड़कों का कार्य नहीं कराया गया है।

सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उक्त ग्राम पंचायतो में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्त अवशेष कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)**

Scanned with OKEN Scanner

सभी संस्था को निर्देशित किया गया कि जो भी अपूर्ण कार्य है उनको पूर्ण कराकर तथा जो सड़के हाउस कनेक्शन करते समय क्षतिग्रस्त कर दी गयी है उनको मरम्मत कराकर प्रमाण–पत्र के साथ उपलब्ध करायेगें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अवर अभियन्ता को बराबर बराबर ग्राम पंचायत का आवंटन तथा एक दूसरे से सटे/नजदीक के विकास खण्ड को आवंटित करते हुये अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेगें। श्री अनुराग, अवर अभियन्ता, जल निगम द्वारा झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में दोषी पाये जाने पर चेतावनी जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

**खण्ड विकास अधिकारी खजनी** द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड खजनी के ग्राम पंचायत सहसी में 03 कि0मी0 में पाईप डालना जो 18 माह में परियोजना पूर्ण होना था, 02 वर्ष हो गये परन्तु परियोजना पूर्ण नही हुआ है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य की शिथिलता पर काफी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कार्य को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराकर प्रमाण–पत्र सहित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गयें।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बदरा में जमीन का विवाद है जिस कारण से परियोजना अपूर्ण है। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित संस्था खण्ड विकास अधिकारी एवं तहसीलदार से वार्ता करके जमीन विवाद का निस्तारण कराना सुनिश्चित करे तथा जो भी अवशेष कार्य है युद्वस्तर पर पूरा कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )**

04/8/25

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 1397 /वि0दिनांकित 04-oct 2025

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1– जिलाधिकारी, महोदय, गोरखपुर।
2– मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, गोरखपुर।
3– समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
5– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
6– मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
7– मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
8– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

04/8/25

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर

Scanned with OKEN Scanner